भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1204

6 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

नए एम्स की स्थापना

1204. श्री श्यामकुमार दौलत बर्वे:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत नए एम्स संस्थानों की स्थापना, सुपर-स्पेशियलिटी ब्लॉकों की स्थापना और सरकारी चिकित्सा कॉलेजों (जीएमसी) के उन्नयन से संबंधित परियोजनाएं सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही हैं;
(ख) यदि हाँ, तो इस संबंध में अब तक हासिल की गई प्रगति की राज्य-वार वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) उक्त योजना के तहत स्थापित प्रत्येक एम्स, प्रत्येक सुपर-स्पेशियलिटी ब्लॉक और प्रत्येक उन्नत राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक श्रेणियों में रिक्त पदों की संस्थान-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;
(घ) क्या सरकार द्वारा इन संस्थानों में रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने के लिए कोई ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है, और
(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना और 75 राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों/संस्थानों (जीएमसी) के उन्नयन को मंजूरी दी गई है। विवरण **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक-II** में दिए गए हैं।

(ग) से (ङ) पदों का सृजन और भर्ती एक सतत प्रक्रिया है। पीएमएसएसवाई के अंतर्गत विभिन्न एम्स में स्वीकृत, भरे हुए और रिक्त संकाय एवं गैर-संकाय पदों का विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

पीएमएसएसवाई के तहत एम्स में रिक्त स्वीकृत संकाय और गैर-संकाय पदों को शीघ्रता से भरने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

i. संकाय भर्ती के लिए एम्स अधिनियम, 1956 के प्रावधान के अनुसार स्थायी चयन समिति (एसएससी) का गठन किया गया है।

ii. राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आईएनआई) और राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों (जीएमसी) के 70 वर्ष की आयु तक के, सेवानिवृत्त संकाय सदस्यों को प्रोफेसर, अतिरिक्त प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर स्तर पर संविदा आधार पर नियुक्त करने का प्रावधान किया गया है।

iii. विजिटिंग फैकल्टी योजना के तहत भारत के सरकारी संस्थानों या विदेशों के शैक्षणिक संस्थानों के प्रोफेसर, अतिरिक्त प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर एम्स में शिक्षण उद्देश्यों के लिए विजिटिंग फैकल्टी के रूप में कार्य करते हैं।

iv. विभिन्न एम्स में नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती के लिए एम्स, दिल्ली द्वारा नर्सिंग अधिकारी भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा (एनओआरसीईटी) आयोजित की जाती है।

v. विभिन्न एम्स में समूह ख और ग के गैर-संकाय पदों की भर्ती के लिए एम्स दिल्ली द्वारा सामान्य भर्ती परीक्षा (सीआरई) आयोजित की जाती है।

vi. जूनियर रेजिडेंट (अकादमिक) के चयन के लिए राष्ट्रीय महत्व के संस्थान की संयुक्त प्रवेश परीक्षा (आईएनआई-सीईटी) और सीनियर रेजिडेंट (अकादमिक) के चयन के लिए राष्ट्रीय महत्व के संस्थान की सुपर स्पेशलिटी (आईएनआई -एसएस) परीक्षा का आयोजन एम्स दिल्ली द्वारा वर्ष में दो बार किया जाता है।

योजना के तहत स्वीकृत उन्नयन परियोजनाओं के संबंध में, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के संचालन के लिए पदों के सृजन और कार्मिकों की तैनाती के लिए उत्तरदायी है।

****

अनुलग्नक-I

पीएमएसएसवाई के तहत एम्स का विवरण

क्रम संख्या	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एम्स का स्थान	स्थिति
1	आंध्र प्रदेश	एम्स, मंगलागिरी	कार्यशील
2	असम	एम्स, गुवाहाटी	कार्यशील
3	बिहार	एम्स, दरभंगा	निवेश-पूर्व कार्य प्रगति पर है।
4		एम्स, पटना	कार्यशील
5	छत्तीसगढ	एम्स, रायपुर	कार्यशील
6	गुजरात	एम्स, राजकोट	कार्यशील
7	हरियाणा	एम्स, माजरा (रेवाड़ी)	निर्माणाधीन
8	हिमाचल प्रदेश	एम्स, बिलासपुर	कार्यशील
9	जम्मू और कश्मीर	एम्स, विजयपुर, जम्मू	कार्यशील
10		एम्स, अवंतीपोरा, कश्मीर	निर्माणाधीन
11	झारखंड	एम्स, देवघर	कार्यशील
12	मध्य प्रदेश	एम्स, भोपाल	कार्यशील
13	महाराष्ट्र	एम्स, नागपुर	कार्यशील
14	ओडिशा	एम्स, भुवनेश्वर	कार्यशील
15	पंजाब	एम्स, बठिंडा	कार्यशील
16	राजस्थान	एम्स, जोधपुर	कार्यशील
17	तमिलनाडु	एम्स, मदुरै	निर्माणाधीन
18	तेलंगाना	एम्स, बीबीनगर	कार्यशील
19	उत्तर प्रदेश	एम्स, रायबरेली	कार्यशील
20		एम्स, गोरखपुर	कार्यशील
21	उत्तराखंड	एम्स, ऋषिकेश	कार्यशील
22	पश्चिम बंगाल	एम्स, कल्याणी	कार्यशील

अनुलग्नक- II

पीएमएसएसवाई के तहत उन्नयन हेतु अनुमोदित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय/संस्थान(जीएमसी)

क्रम संख्या	राज्य	संख्या	जीएमसी/संस्था का नाम	अनुमत अवसंरचना	स्थिति (%)
1	आंध्र प्रदेश	1	श्री वेंकटेश्वर आयुर्विज्ञान संस्थान, तिरुपति	उपकरणों की खरीद	पूर्ण
		2	सिद्धार्थ चिकित्सा महाविद्यालय, विजयवाड़ा	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		3	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, अनंतपुर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
2	असम	4	गुवाहाटी चिकित्सा महाविद्यालय, गुवाहाटी	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		5	असम चिकित्सा महाविद्यालय, डिब्रूगढ़	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
3	बिहार	6	श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		7	दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, दरभंगा	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		8	पटना चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, पटना	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	95%
		9	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, भागलपुर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		10	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, गया	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		11	आईजीआईएमएस, पटना	क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थान	पूर्ण
4	छत्तीसगढ	12	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, बिलासपुर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		13	सरकारी चिकित्सा	सुपर	पूर्ण

क्रम संख्या	राज्य	संख्या	जीएमसी/संस्था का नाम	अनुमत अवसंरचना	स्थिति (%)
			महाविद्यालय, जगदलपुर	स्पेशलिटी ब्लॉक	
5	दिल्ली	14	यूसीएमएस-जीटीबी अस्पताल	-	डीपीआर तैयार किया जा रहा है।
6	गोवा	15	गोवा चिकित्सा महाविद्यालय, पणजी	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
7	गुजरात	16	बी.जे. चिकित्सा महाविद्यालय, अहमदाबाद	चिकित्सा उपकरण की खरीद	पूर्ण
		17	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, राजकोट	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		18	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, सूरत	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	78.5%
		19	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, भावनगर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
8	हरियाणा	20	पंडित बीडी शर्मा स्नातकोत्तर संस्थान आयुर्विज्ञान, रोहतक	सर्विस ब्लॉक और ओटी कॉम्प्लेक्स	पूर्ण
9	हिमाचल प्रदेश	21	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		22	इंदिरा गांधी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, शिमला	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
10	जम्मू और कश्मीर	23	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, जम्मू	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		24	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, श्रीनगर	अभिघात विज्ञान संस्थान	पूर्ण
11	झारखंड	25	राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस), रांची	सुपर स्पेशलिटी और ऑन्कोलॉजी	पूर्ण

क्रम संख्या	राज्य	संख्या	जीएमसी/संस्था का नाम	अनुमत अवसंरचना	स्थिति (%)
				ब्लॉक	
		26	पाटलिपुत्र चिकित्सा महाविद्यालय, धनबाद	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
12	कर्नाटक	27	बैंगलोर चिकित्सा महाविद्यालय, बैंगलोर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		28	विजयनगर आयुर्विज्ञान संस्थान, बेल्लारी	अभिघात परिचर्या ब्लॉक	पूर्ण
		29	कर्नाटक आयुर्विज्ञान संस्थान, हुबली	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
13	केरल	30	चिकित्सा महाविद्यालय, तिरुवनंतपुरम	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		31	कोझिकोड चिकित्सा महाविद्यालय	अभिघात परिचर्या केंद्र के साथ सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		32	टीडी चिकित्सा महाविद्यालय, अलप्पुझा	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		33	एससीटीआईएमएसटी, त्रिवेंद्रम	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
14	मध्य प्रदेश	34	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		35	नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		36	जीआर चिकित्सा महाविद्यालय, ग्वालियर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		37	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
15	महाराष्ट्र	38	ग्रांट चिकित्सा महाविद्यालय और सर जेजे ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई	चिकित्सा उपकरण की खरीद	पूर्ण

क्रम संख्या	राज्य	संख्या	जीएमसी/संस्था का नाम	अनुमत अवसंरचना	स्थिति (%)
		39	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, नागपुर	चिकित्सा उपकरण की खरीद	पूर्ण
		40	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, औरंगाबाद	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		41	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, लातूर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		42	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, आकोला	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		43	श्री वसंतराव नाइक राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, यवतमाल	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
16	ओडिशा	44	एमकेसीजी चिकित्सा महाविद्यालय, बरहामपुर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		45	वीएसएस चिकित्सा महाविद्यालय, बुर्ला	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		46	एससीएम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, कटक	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	एससीबीएमसीएच, कटक से स्थान बदल कर धरणीधर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, क्योंझर किया गया ।
17	पंजाब	47	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, अमृतसर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		48	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पटियाला	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
18	राजस्थान	49	एसपी चिकित्सा महाविद्यालय, बीकानेर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		50	आरएनटी चिकित्सा महाविद्यालय, उदयपुर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		51	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कोटा	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण

क्रम संख्या	राज्य	संख्या	जीएमसी/संस्था का नाम	अनुमत अवसंरचना	स्थिति (%)
		52	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
19	तमिलनाडु	53	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सलेम	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक और सदमा केंद्र	पूर्ण
		54	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मदुरै	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		55	तंजावुर चिकित्सा महाविद्यालय, तंजावुर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		56	तिरुनेलवेली चिकित्सा महाविद्यालय, तिरुनेलवेली	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
20	तेलंगाना	57	निज़ाम आयुर्विज्ञान संस्थान, हैदराबाद	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक और अभिघात केंद्र	पूर्ण
		58	राजीव गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, आदिलाबाद	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		59	काकतीय चिकित्सा महाविद्यालय, वारंगल	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
21	त्रिपुरा	60	अगरतला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, अगरतला	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
22		61	एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		62	आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी में ट्रॉमा सेंटर (टीसी)	अभिघात केंद्र और नर्सिंग महाविद्यालय	पूर्ण
		63	जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू), अलीगढ़	अभिघात परिचर्या केंद्र और ओबीजी ब्लॉक	पूर्ण
		64	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, झांसी	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण

क्रम संख्या	राज्य	संख्या	जीएमसी/संस्था का नाम	अनुमत अवसंरचना	स्थिति (%)
		65	बीआरडी चिकित्सा महाविद्यालय, गोरखपुर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		66	एमएलएन चिकित्सा महाविद्यालय, इलाहाबाद	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		67	एलएलआरएम चिकित्सा महाविद्यालय, मेरठ	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		68	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		69	सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, कानपुर	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		70	आयुर्विज्ञान संस्थान (आईएमएस), बीएचयू, वाराणसी में एसएसबी	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		71	आरआईओ, आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी	क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थान (आरआईओ)	पूर्ण
23	पश्चिम बंगाल	72	कोलकाता चिकित्सा महाविद्यालय, कोलकाता	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		73	बीएस चिकित्सा महाविद्यालय, बांकुड़ा	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण
		74	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मालदा	अभिघात परिचर्या केंद्र और आपातकाल चिकित्सा ब्लॉक	पूर्ण
		75	उत्तर बंगाल चिकित्सा महाविद्यालय, दार्जिलिंग	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक	पूर्ण

अनुलग्नक- III

पीएमएसएसवाई के तहत कार्यशील एम्स में स्वीकृत संकाय और गैर-संकाय पदों की स्थिति

क्रम संख्या	एम्स	संकाय पद			गैर-संकाय पद		
		स्वीकृत	भरे गए	रिक्तियां	स्वीकृत	भरे गए	रिक्तियां
1	भोपाल	312	241	71	3874	2920	954
2	भुवनेश्वर	337	238	99	3963	2937	1026
3	जोधपुर	405	221	184	4048	3322	726
4	पटना	305	219	86	3884	2752	1132
5	रायपुर	305	200	105	3884	2815	1069
6	ऋषिकेश	355	229	126	4095	2951	1144
7	बठिंडा	219	143	76	2090	1453	637
8	बीबीनगर	183	132	51	1374	898	476
9	बिलासपुर	217	130	87	1511	987	524
10	देवघर	208	132	76	1712	940	772
11	गोरखपुर	213	117	96	1492	949	543
12	गुवाहाटी	183	117	66	1630	879	751
13	जम्मू	183	119	64	1311	935	376
14	कल्याणी	309	175	134	2221	1171	1050
15	मदुरै	183	70	113	911	40	871
16	मंगलागिरी	309	171	138	1953	1291	662
17	नागपुर	373	238	135	2107	1395	712
18	रायबरेली	209	111	98	1613	1120	493
19	राजकोट	183	78	105	1410	665	745
	कुल	**4991**	**3081**	**1910**	**45083**	**30420**	**14663**

****